The Lok Sabha re-assembled after Lunch at Thirty-four Minutes past Fifteen of the Clock.

(MR. DEPUTY-SPEAKER *in the Chair*)

STATUTORY RESOLUTION RE. DISAPPROVAL OF THE INDUSTRIES (DEVELOPMENT AND REGULATION) AMENDMENT ORDINANCE, 1974 AND INDUSTRIES (DEVELOPMENT AND REGULATION) AMENDMENT BILL

SHRI MADHU LIMAYE (Banka): I beg to move:

"This House disapproves of the Industries (Development and Regulation Amendment Ordinance, 1974 (Ordinance No. 6 of 1974) promulgated the President on the 29th June, 1974"

उपाध्यक्ष महोदय, वैसे तो यह अध्यादेश बहुत छोटा सा अध्यादेश है और इसका उद्देश्य भी बहुत ही सीमित है। इन्होंने अपने ज्ञापन में उसकी आवश्यकता इस तरह से निपादित की है :

"The Model Mills Nagpur Ltd., Negpur is one of the textile undertakings whose management was taken over on 18th July, 1958., initially for a period of 5 years and this period was being extended from time to time. However, the total period for which the management could be retained by Government was dueto expire on 17th July 1974. It, therefore, became necessary, in view of the declared intention of Government to nationalise this and other textile undertakings whose management has been taken over, to empower the Central Goverament to make an order extending the total period of continuance under Government management by a further period of two years over and above the period of fifteen years already provided in the Act."

मतलब माडल मिल की व्यवस्था और उसका इन्तजाम अपने हाथ में लेने के बाद 15 साल गुजर गए हैं। जब पहली बार इस मिल को चलाने के लिए सरकार ने ले लिया उसी समय से हम लोग सरकार से बार बार यह कह रहे थे कि इस मिल को तो आप ले रहे हैं लेकिन मान लीजिए इसको ठीक ठाक करने के बाद जब मुनाफा होने लगेगा तो क्या इसके जो मालिक हैं उनके हाथ मे फिर सौंप देंगे ? इसलिए उसी समय हम लोगों ने मांग की थी कि जिन जिन मिलो मे बदइन्तजामी है, जिनके बन्द होने का खतरा उत्पन्न हुआ है या बन्द हो चुकी हैं उन मिलो के इन्तजाम को जब हाथ म लिया जायेगा तो साथ साथ उनके राष्ट्रीयकरण के बारे म कोई फैसला सरकार को करना चाहिए। 15 साल हो गए एक जो छोटी सी बात है उसके बारे में भी आप लोग अपना दिमाग नही बना पाये हैं। इसका नतीजा यह हुआ कि अनिर्णय की स्थिति बनी रही और आज यह अध्यादेश लेकर आपको आना पड़ रहा है।

सबसे पहले मैं यह सवाल उठाना चाहता हू क्या इस अध्यादेश को जारी करने की कोई आवश्यकता थी ? जो मामला 15 साल से आपके सामने पडा हुआ है क्या उसके बारे में इससे पहले आप फैसला नहीं कर सकते थे ? राष्ट्रीयकरण का विधेयक लेकर आप बजट सेशन मे, विगत साल के शीतकालीन सत्र में या उसके पहले कभी नही ला सकते थे ? लेकिन आपने कोई ध्यान नही दिया। हर चीज मे आपकी टाल-मटोल की नीति है। निर्णय आप करते नही है। अभी अभी चीनी आयोग की रपट आपके सामने आई, उसके बारे मे भी यही स्थिति है। एक अर्थ से यह रपट आपके सामने पड़ी हुई थी लेकिन चीनी मिलों के राष्ट्रीयकरण के बारे मे भी आपने कोई निर्णय नहीं किया। जब आप लोगों के बीच

[श्री मधु लिमये]

मे विभाजन हुआ और बम्बई में 1969 में आपका अधिवेशन हुआ तो आपने चीनी मिलों के राष्ट्रीयकरण का प्रस्ताव पास किया था। आप चरणसिंह की और उसके बाद जो टी एन सिंह की सरकार बनी उसकी बुराई करते थे कि आप राष्ट्रीयकरण क्यों नहीं कर रहे हैं। उस समय वह लोग कहते थे कि इसमें पूरे देश का सवाल है, देश के पैमाने पर फैसला किया जाये। बाद में आपकी कमटी बनी, उसकी रपट, आयी है, और अब सरकार कहती है इसका राष्ट्रीय स्तर पर विचार होना चाहिए। (व्यवधान)। तकरीबन वही बात है। अखबारों म यही आया है कि राष्ट्रीयकरण का फैसला राष्ट्रीय स्तर पर होना चाहिए। मेमोरैंडम मे है क्या? उसका सवाल दण्डवते जी उठा रहे हैं। यह मेमोरैंडम आफ ऐक्शन नहीं है, यह है मेमोरैंडम आफ इनैक्शन। इसको छोडिये। मैं कहना चाहता हूं जिस तरह से चीनी मिलों के बारे मे आपने कोई निर्णय नहीं किया उसी तरह टेक्सटाइल मिलों के बारे मे भी कोई निर्णय नही किया। और यह मामला तो उससे भी गम्भीर है क्योंकि 15 साल से यह सामला आपके सामने है।

तो मेरा सबसे पहला आक्षेप यह है कि इन्होंने अध्यादेश जारी करने के अपने अधिकार का सरासर दुरूपयोग किया है। जो काम इनको विधेयक द्वारा बहुत पहले करना चाहिए था वह सब काम ऐन वक्त पर करने की इनकी आदत का नतीजा यह होता है कि जो अध्यादेश होता है, विधेयक होता है वह ठीक से ड्राफ्ट नही होता है और बाद मे उसमे बार बार परिवर्तन करने पड़ते है।

दूसरी बात मैं यह कहना चाहता हू कि यह जो नेशनल टेक्सटाइल कार्पोरेशन है जिसके तहत अब 103 टेक्सटाइल मिलें हैं, मेरी इच्छा है सभी ऐसी मिलें जो सिक मिल्स हैं, बन्द हो गई हैं या बन्द होने वाली हैं उनको भी इस कार्पोरेशन के तहत दे देना चाहिए। उसके बाद कोई दीर्घकालिक नीति अपनानी चाहिए। इस वक्त म इसके सिर्फ दो पहलू रखना चाहता हूं। एक तो सरकार इन टेक्सटाइल मिलों का आधुनिकीकरण करें और उनकी पैदावार का एक हिस्सा केवल निर्यात के लिए, एक्सपोर्ट मार्केट के लिए रखें। पैदावार का एक हिस्सा एक्सपोर्ट के लिए हो लेकिन उसके लिए मिलों का आधुनिकीकरण जरुरी है। उसको आप कीजिए और उसमें पैसा लगाइये। दूसरा पहलू यह होना चाहिए कि बाकी पैदावार का जितना हिस्सा है, जो कपडा अन्तर्गत उपभोग के लिए बनता है, वह कोर्स कपड़ा हो। उसके लिए आप को एकदम नियम बना देना चाहिए कि जिस को कोर्स क्लाथ कहा जाता है, या अभी जिसको आपने लिया है ए-वेरायटी, मीडियम क्लाथ, वही होगा। और कपडा नही बनेगा। यानी साधारण जनता की जो आवश्यकता है उसी के अनुरुप कपडा नेशनल टेक्सटाइल कौरपोरेशन की जो मिल्स है वह पैदा करने का काम करे। इस बात की आवश्यकता इसलिये है कि आप की नालायकी के चलते कोर्स कपडे के उत्पादन के बारे मे जितने नियम आप ने बनाये उन पर कभी अमल नही हुआ।

इसी सदन म दो साल पहले मंत्री महोदय ने यह वकतव्य दिया कि मिलों के लिए यह नियम बनाया गया था कि उन की जो कुल पैदावार है उस का 25 फीसदी वह मोटा कपडा बनाये और आप जानते हैं कितना बनाया जाता था? गिरते गिरते मंत्री महोदय के कथनानुसार .6 फीसदी। 2.5 प्रतिशत की जगह 2.6 प्रतिशत तक पैदावार आयी। इसके लिये एक मामूली जुर्माना निश्चित किया गया था। लेकिन आप जानते है कि फाइन और सुपर फाइन में इतना ज्यादा मार्जिन था कि मिल वाले क्या करते थे कि कोर्स का कपड़े ओबलिगेशन पूरा करने के बजाय वह फाइन और सुपर फाइन पैदा करते थे उसमें मुनाफा कमाते थे, उसमें से और मामूली जुर्माना दे देते थे। इसमें भी

तारीफ की बात यह है कि जिनके हाथ मे कोहिनूर मिल है वे श्री कापडिया, यह मारुती के बडे इन्वेस्टर है, मैंने 1968 म मेमोरैडम दिया था लेकिन इनकी जाच करने की बजाय इन मे पैसा लिया जाता है। मेरी एक बात को भी आप काट नही सकते। क्या यह बात सही नही है कि जिन मिलो ने जुर्माना नही दिया है उन मे से 55 प्रतिशत बकाया अकेले कार्डियाग्रुप का है कापडिया ग्रुप ने केवल कार्म कपडे के नियमो का उल्लघन करते हैं, उन के ऊपर जुर्माना लगाया जाना है

MR DEPUTY SPEAKER What is the thrust of your argument?

श्री मधु लिमये थ्रस्ट यह है कि नेशनल टैक्सटाइल्स कारपोरेशन गरीब जनता के लिये बडे पैमाने पर कोर्स कपडा बनाये।

MR. DEPUTY SPEAKER This Bill is only to extend the time by two years

श्री मधु लिमये देखो म यह छोटा सा बिल है।

म नेशनल टैक्सटाइल कोरपोरेशन की गतिविधियो के बारे मे और औद्योगीकरण के बारे में बोलना चाहता हू और केवल पृष्ठभूमि के रूप मे मैंने यह कहा, क्योंकि जनता की आवश्यकता पूरा नहीं करत। जुर्माना एक फर्जी चीज बन गई और वह जुर्माना भी नही देते, क्या विदेश व्यापार मत्री की हिम्मत है जुर्माना लेने की ? नही है। मोटे कपडे के बारे में सरकार की नीति चूकि गलत है और नेशनल टैक्सटाइल्ज कोरपोरेशन को अब आगे कदम बढाना है इसलिये मोटे कपडे की पैदावार पर जोर देना चाहता हू।

जहा तक निर्यात का सवाल है कुछ दिन पहले मैंने एक मुद्दा इस सदन के सामने रखा था।

MR DEPUTY-SPEAKER: You tell me very frankly, honestly You are a very knowledgeable Member Are all these matters relevant? They may be important But are they relevant?

श्री मधु लिमये : बिल्कुल। इसलिये है कि दो साल क्यों बढाया जा रहा है इन का नेशनलाइजेशन का प्लान है तो उसी के बारे मे मैं बोल रहा हू। ता राष्ट्रीयकरण के लिये दो साल माग रहे है। इसलिये मैं कह रहा हू दूसरा आपके कार्यक्रम का पहलू होना चाहिए निर्यात और उसके बारे में मैं कहना चाहता हू कि एक अर्से मे आप महीन लम्बे धागे वाली रुई इजिप्ट और सूडान से मगाते है। आश्चर्य की बात है कि अमरीका जैसा शक्तिशाली देश भी महीन कपडा बनाने के लिये इतना लाग स्टेपिल वाला काटन कभी नही मगाता। लेकिन जो दुनिया का सब से गरीब देश है वह अमरीका जितना मगाता है उससे दुगना, तिगुना काटन मगाता है। किस बात के लिए मुझको बताया गया निर्यात के लिए है निर्यात नही हो रहा है बल्कि इन्टर्नल कजम्पशन हो रहा है और उस पर जो मार्जिन है उस के चलते कोर्स कपडे का कार्यक्रम सफल नही हो रहा है इसलिये नेशनल टैक्सटाइल्ज कोरपोरेशन के लिये सुझाव दे रहा हू। अगर आपको एक्सपोर्ट का कोई काम करना है तो आप नेशनल टैक्सटाइल्स कोरपोरेशन को सुविधा दीजिये। निजि क्षेत्र के कारखानो को सुविधा न दीजिये।

800 करोड रुपये काटन के इम्पोर्ट पर खर्च किया गया आज तक। और किन लोगो के लिये इस देश की आबादी के एक फीसदी हिस्से के लिये कपडा बनाया जा रहा है। एक्सपोर्ट बिल्कुल नही होता है जो होता है वह गेज वगैरह होता है केवल मत्री महोदय कहते है कि एक्सपोर्ट के लिये इस्तेमाल होता है लेकिन उस की कोई फिगर्स मत्री महोदय नही दे पाये। पिछले सालो मे 800 850 करोड

रु० की विदेशी मुद्रा लौंग स्टेपिल काटन खरीदने के लिये खर्च की गई है और उस से देश के बड़े लोगों का फायदा हुआ, साधारण जनता को कोई लाभ नहीं हुआ है। इसलिये मेरा कहना है कि निर्यात और मोटा कपड़ा, इसी चीज़ पर पूरा मौडनाईजेशन का काम कीजिये नेशनल टैक्सटाइल्ज कौरपोरेशन के जरिये, और इस को ठीक ढंग से चलायें।

आपके यहां भी बड़ी बीमारी है जो दूसरे पब्लिक सैक्टर्स में है। मेरे पास नेशनल टैक्सटाइल्ज कौरपोरेशन की तीसरी रिपोर्ट है और इस में मैं देखता हूं, अब ऐडवान्सेज के बारे में देखिये पहले :

"Advances against release of pledged cotton, Rs. 70,90,650, shown under the head 'Loans and Advances—Unsecured Considered Good. In terms of clause 5(b) of the agreement, the Corporation advances money from time to time to India United Mills, Bombay, for the purchase of cotton. The cotton so purchased by the mill is pledged with the Corporation and the same is to be released against payment. The Corporation has released the cotton without payment being received. The accumulated losses of India United Mills, Bombay, are much higher than its paid-up capital and, therefore, in our opinion, the advance of Rs. 70,90,650 is considered doubtful."

यह आप की आडिट की रिपोर्ट है। डाउटफुल अग्रिम है 70,90,650 रु०।

Then—Unsecured Loans:

"The Corporation has advanced loans to the extent of Rs. 3,21,78,600 to various textile mills against the mortgage of movable and immovable assets. It is observed that the Corporation holds first charge on movable and immovable assets of mills only to the extent of Rs. 48,70,000 whereas in the other case, the Corporation holds second, third and fourth charge on the movable and immovable assets. In our opinion, loans to the extent of Rs. 37,30,000 is not fully secured. We are not furnished the mortgage deeds in respect of three mills for loans of Rs. 1,26,00,000. It is stated that the same are under finalisation."

तो एडवान्सेस के बारे में, लोन्स के बारे में जो नेशनल टैक्सटाइल कार्पोरेशन का इन्तजाम है, उस में बहुत बड़े पैमाने पर गड़बड़ है।

अन्त में मैं आप से कहना चाहता हूं कि नेशनल टैक्सटाइल कार्पोरेशन के तहत जो मिलें हैं, इन के जो मैनेजमेंट वाले लोग हैं, ये लोग रुई खरीदने में, केमिकल्स खरीदने में और दूसरे स्टोर्स खरीदने में, पैसा बनाने के काम में लगे हुए हैं।

श्री राम सिंह भाई (इंदौर) : और कपड़ा बेचने में।

श्री मधु लिमये : एक एक कर के चलिये राम सिंह भाई जी। कुछ आप के लिए भी छोड़ता हूं।

फिर कपड़ों में एक्साइज की चोरी करने में निजी सैक्टर की तरह आप भी काम करते हैं, फैन्ट्स के अन्दर जिस की एक्साइज ड्यूटी कम होती है, बहुत सारा अच्छा माल निकाला जाता है फैन्ट के रूप में और उस को सस्ते में बेचा जाता है। उस में कुछ हिस्सा तो होलसेलर्स का रहता है और बाकी नेशनल टैक्सटाइल कार्पोरेशन के अधिकारी खा जाते हैं। उपाध्यक्ष महोदय, पब्लिक सैक्टर को मुझे लगता है कि इन लोगों ने समझ रखा है कि बाप दादा की एस्टेट है और इस को बेच कर खा जाओ। इस से आज पब्लिक सैक्टर बदनाम हो रहा है, पब्लिक अन्डरटेकिंग्स बदनाम हो रही है। इस में जो घूसखोर अधिकारी हैं इसके खिलाफ आप जब तक सख्त कार्यवाही

[श्री मधु लिमये]

नहीं करते और नेशनल टैक्सटाइल कार्पोरेशन के तहत जो जो मिल्स हैं उन के मजदूरों का जब तक आप सहयोग नहीं लेते, तब तक कुछ नहीं होगा।

मेरे पास दिल्ली के कुछ मिलों के लोग जो मिल सरकारी मैनेजमेंट में हैं, वे आए थे और उन मजदूरों ने कहा था कि अधिकारियों के खिलाफ़ उन्होंने कुछ आवेदन पत्र दिये थे। उन सारे आवेदन पत्रों को मेरे पास भी लेकर आए थे और मैं ने सरकार को इस बारे में लिखा था लेकिन इस के ऊपर किसी तरह की कार्यवाही नहीं हुई। तो एक ओर पब्लिक सक्टर बदनाम होता चला जा रहा है और प्राइवेट सैक्टर को भी उस में मजा आता है। यह प्राइवेट सेक्टर और पब्लिक सेक्टर दोनों मिले हुए हैं और दोनों मिल कर हिन्दुस्तान की जो 60 करोड़ गरीब जनता है, उस को लूटने का यह काम कर रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय, मैं अपना भाषण समाप्त करते हुए मंत्री महोदय से अपील करना चाहता हूं कि वे राष्ट्रीयकरण के बारे में एक योजना तत्काल सदन के सामने लाएं। आप ने संविधान को बदला है और "कम्पेसशन" की जगह "एमाउन्ट" कर दिया है, फिर आप को तकलीफ क्या है। जब आप का बिल पास हुआ था, उस समय मैं यहां नहीं था। 1971 में बहुत ढका पीटा गया था कि बड़ा परिवर्तन आ रहा है और गरीबों को बताया गया कि इन्दिरा गांधी जी अमीरों की सम्पत्ति छीनने जा रही हैं। लेकिन जो अपने सुपुत्र ही को करोड़पति बनाने के चक्कर में हैं, वे दूसरों की सम्पत्ति को कैसे छीन सकती हैं? आप ने केवल वोट के लिए ही ऐसा किया था। इसलिए मैं चुनौती देना चाहता हूं कि जब कांस्टीट्यूशन में परिवर्तन किया गया है, तो अवाम के नाम पर ऐसा क्यों कर रहे हैं। आप उन मिलों को तत्काल नेशनेलाइज करने का काम कीजिए, घूसखोर अधिकारियों के खिलाफ कार्यवाही कीजिए और उन पर नियंत्रण रखिये। बस, मुझे इतना ही कहना था।

MR. DEPUTY-SPEAKER: I would like to understand. Mr. Madhu Limaye, you have criticised the National Textile Corporation. Are you opposed to this extension of two years? That is your resolution I want to get a clarification.

श्री मधु लिमये नहीं, नहीं। मैं इसलिये इस विधेयक का विरोध नहीं कर रहा हूं कि इस अध्यादेश की क्या जरूरत थी? मेरा दूसरा प्वाइन्ट है कि 15 साल हो गये हैं...

MR. DEPUTY-SPEAKER: Mr. Limaye, I think I have understood your point But, then, this Resolution seeks to disapproved the whole thing.

श्री मधु लिमये खुद मंत्री महोदय मानेंगे कि अगर सरकार सचेत रहती, तो पिछला सत्र जो इतना लम्बा चला, उसमें यह विधेयक पास हो सकता था और यह अध्यादेश नहीं लाना पड़ता मैं इस बिल का विरोध नहीं कर रहा हूं।

MR DEPUTY-SPEAKER: That is all right.

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF INDUSTRIAL DEVELOPMENT (SHR ZIAUR RAHMAN ANSARI): I beg to move*:

"That the Bill further to amend the Industries (Development and Regulation) Act, 1951, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

उपाध्यक्ष महोदय, जब मधु लिमये जी ने अपने भाषण पर बोलना शुरू किया था, तो मुझे थोड़ी सी आशा बंधी थी, उम्मीद बंधी

*Moved with the recommendation of the President.

थी कि जैसा कि यह एक मुख्तसर सा, छोटा सा बिल है और महदूद परपज के लिए लाया गया है, उस में कुछ ज्यादा कहने की गुंजाइश नहीं है और मैं ऐसा समझ रहा था कि बहुत कुछ जो सरकार कहना चाहती थी इस बिल को लाने के सिलसिले में, वह मधु लिमये जी ने खुद कह दिया है, लेकिन उस के बाद जो उन्होंने तकरीर का सिलसिल बढ़ाया तो इस मुख्तसर से बिल में कामर्स मिनिस्ट्री, एग्रीकल्चर मिनिस्ट्री और खुदा जाने उस का स्कोप इतना बढ़ा दिया कि मुझे यह मिश्रा दोहराना पड़ता है ।

"तमन्ना मुख्तसर सी है मगर तमहीद मूलानी"

16.00 hrs.

उपाध्यक्ष जी, इस विधेयक का परपज, मकसद बड़ा मुख्तसर है और जो इस विधेयक का मकसद है उस से मधु लिमये जी ने इंकार नहीं किया है और मैं ऐसा समझता हूं कि इस हाउस में गालिबन एक यूनेनीमिटी होगी, सब की एक राय होगी, कि ऐसे मिलों को जो कि सिक मिल है और नेशनल टैक्सटाइल कार्पोरेशन ने जिन को अपने कन्ट्रोल में लिया था, अपने इन्तजाम में लिया था, उन को नेशनेलाइज किया जाए । इस पर कोई दो राय गालिबन नहीं होगी । अलबत्ता यह बात सही है कि जो खास एतराज मधु लिमये जी को है इस महदूद बिल के सिलसिले में, मैं उन बातों में जाना नहीं चाहता जो बातें इस बिल के दायरे के बाहर की हैं, मैं इस बिल के दायरे में रह कर ही अपनी बात कहना चाहता हूं । एतराज अपनी यह है कि इस अध्यादेश को इस सिलसिले में लाने की क्या जरूरत थी । अध्यादेश सरकार कुछ मजबूरियों में और कुछ परिस्थितियों में लाती है और मैं इस बात को मानता हूं कि यह अध्यादेश न लाने पाते तो यह बात बेहतरह होती, अच्छी होती और इस बात को पहले से देखा जाना चाहिए था कि अगर हम को नेशनेलाइज करना है, तो अध्यादेश लाने की जरूरत न पड़े और वक्त खत्म होने से पहले हम बिल ले आए, लेकिन जो हालात उपस्थित हो गये थे वे यह थे कि 103 मिलों को मुख्तलिफ वक्तों में सरकार ने अपने कन्ट्रोल में किया था और उन 103 मिलों में से, सन् 1959 से सन् 1972 तक जो उन का एक सिलसिला चला, 57 टैक्सटाइल मिल्स कन्ट्रोल में ली गई और उस के बाद 31 अक्तूबर 1972 से 46 टैक्सटाइल मिल्स लिये गये । इन मिलों को जिस वक्त हमने यह फैसला किया था कि सरकार अपने कन्ट्रोल में ले ले, उस वक्त यह मंशा नहीं थी कि उन को नेशनेलाइज ही करना है । इन्डस्ट्रीज डवलपमेंट एण्ड रेगुलेशन एक्ट के तहत जब हम किसी भी इन्डस्ट्रियल अन्डरटेकिंग को अपने कन्ट्रोल में, उसका निजाम संभालने के लिए उस का इन्तजाम करने के लिए अपने हाथ में लेते हैं तो लाजमी तौर पर शुरू में हमारी यह नियत नहीं होती है कि हमें उस को नेशनेलाइज करना ही है ।

हमारी मंशा है कि इनका निजाम ठीक तौर पर हो जाए । हमारी किसी तरह की बदनियती नहीं होती है । एक अर्से के बाद अगर हम इस नतीजे पर पहुंचते हैं कि हमको उनका नेशनलाइजेशन करना है तो नेशनलाइजेशन के लिए हम को अलग से बिल लाना पड़ता है । इन्डस्ट्रीज डिवेलेपमेंट और रेग्युलेशन एक्ट के तहत हम किसी मिल का नेशनलाइजेशन नहीं कर सकते हैं । उसके लिए अलग से बिल लाना होगा। इन्डस्ट्रीज डिवेलपमेंट और रेग्युलेशन एक्ट के तहत हम एक महदूद वक्त के लिए

ही उसका इंतजाम अपने हाथ में लेते हैं और इंतजाम को इम्प्रूव करने के लिए ही ऐसा करते हैं जो बदइंतजामी की शक्ल में है और उस मुद्दत के बाद हम को उनको अगर मालिको को लौटाना होता है तो उनको लौटा देते है। लेकिन अगर हम इस नतीजे पर पहुचते हैं कि यह पब्लिक इंटरेस्ट मे है कि उस अंडरटेकिंग का नैशनलाइजेशन किया जाए तब फिर हम उसके लिए अलग से बिल लाते है। एक स्टेज ऐसी आई जब हमने यह महसूस किया कि सारी की सारी 103 मिल्ज का नैशनलाइजेशन किया जाए। तब महसूस हुआ कि जो वक्त उस मे लगेगा उसके प्रासेस मे कुछ डिफिकल्टीज है और उन मे से एक मिल ऐसी थी जिस की तरफ श्री लिमये जी ने भी इशारा किया है उसके मुताल्लिक जो हमे कार्रवाही करनी थी उसको नही कर सकते थे, पद्रह साल के अन्दर हमे यह कर लेना चाहिये था लेकिन .

श्री आर० वी० बड़े (खरगोन) नागपुर की ही तो मिल है।

श्री जियाउर्रहमान अंसारी यह सही है कि यही एक मिल है। लेकिन हम 102 का कर दे और एक मिल को छोड दे तब फिर हम इस अगस्ट हाउस मे इस क्रिटिसिज्म का शिकार बन सकते थे कि उसको क्यो छोडा गया है। इसलिये हम वह बात नही करना चाहते थे और हम चाहते थे कि जो हमारी पालिसी है वह यूनिफार्म हो सारी की सारी 103 मिलो पर वह लागू हो। इस वास्ते चूकि वक्त नही था इस वास्ते हमने एक अध्यादेश जारी करके उस पद्रह साल की अवधि को जो हमारे एक्ट में थी दो साल बढाया और इसलिये बढाया कि हम इन सारी 103 मिलो का एक साथ नैशनलाइजेशन कर सकें, उनके लिए कानून एक साथ ला सकें। मौजूदा बिल उसी आर्डिनेंस की जगह लेने के लिए लाया गया है। यह एक बहुत ही मुख्तसिर सा बिल है और इस में सिर्फ इतना ही कहा गया है कि पद्रह साल के लिए हमने जिन मिलो को अपने कंट्रोल में लिया था उनको वापिस अगर उन मैनेजमेंट्स को करना है जिन से उनको लिया था तो सतरह साल के बाद करेंगे और अगर उनका नैशनलाइजेशन करना है तो भी इस अवधि में कर लेंगे। वह सतरह साल सब के लिए लागू होगा। सतरह साल तक हम रख सकते हैं अपने कंट्रोल मे। अभी तक वह पद्रह साल था। पद्रह साल के बाद यह लाजिमी था कि हम उसके मैनेजमेंट को उन लोगो के सुपुर्द कर दे जिनसे हमने लिया था। अब हम पद्रह के बजाय सतरह साल तक रख सकते है। सतरह साल के बाद नैशनलाइजेशन करना चाहे तो नेशनलाइजेशन कर सकते हैं वर्ना वे मिलें इस मुद्दत के बाद आटोमैटिकली जिन मे ली गई थी उनको वापिस हो जाएगी। यह एक मुख्तसिर सा बिल है और मै समझता हू कि इसको स्वीकार करने मे इस हाउस को कोई आपत्ति नही होगी।

नैशनल टैक्सटाइल कार्पोरेशन वगैरह के बारे मे यह बोले है। ऐसे सवाल भी उठाए गए है जिन को तब उठाया जा सकता है जब नेशनलाइजेशन के बारे मे फैसला हो जाए और उस बिल को हम यहा लाए ? जब नैशनलाइजेशन का बिल आएगा तो उसका स्वरूप क्या हो, किन लोगो के सुपुर्द किया जाए, किस तरह की रूपरेखा हो उस वक्त इन तमाम सवालो को उठाया जा सकता है और उनका जवाब भी दिया जा सकता है। तभी इस सब को उठाने का असल वक्त होगी।

इन शब्दो के साथ मैं प्रर्थना करता हूं कि इस बिल पर विचार शुरू किया जाए।

श्री मधु लिमये . मैनेजमेंट के बारे में कोई एकाउंट नही देंगे।

MR. DEPUTY-SPEAKER: The hon. Minister has said that the purpose of the Bill is limited; that may be so and it is perceptibly so. What I would like to know from him before we go further is this. This policy of taking over the management of certain mills or industries with the idea of ultimately nationalising them has been before this House for the last two or three years, as far as I understand.

SHRI MADHU LIMAYE: 15 years.

MR. DEPUTY-SPEAKER: This policy of taking over with the idea of ultimately nationalising them and not handing them back to the management has been here for the last two or three years that I have been here. Now, he is not proposing to nationalise all the 103 mills all at a time because the period of fifteen years begins from the date of their taking over? I think that that is the correct position...

SHRI VASANT SATHE (Akola): No, Sir.

MR. DEPUTY-SPEAKER: The period of 15 years begins from the date of taking over.

SHRI VASANT SATHE: Whenever the nationalisation is done, it will be done simultaneously.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let me explain it. Suppose you take over the management of a particular mill at a particular period, and you can retain the management for a certain period, which is now 15 years and which you would now like to extend to 17 years. But the nationalisation will have to be at different periods because the taking over takes place at different times.

SHRI MADHU LIMAYE: Nationalisation can be done simultaneously.

SHRI ZIAUR RAHMAN ANSARI: That is not the position. The position is like this that within this period of 17 years, which was originally...

SHRI MADHU LIMAYE: Government were not able to make up their mind. That is what he wants to tell the Deputy-Speaker?

SHRI ZIAUR RAHMAN ANSARI: Originally it was 15 years, and for 15 years, the Government could retain the management of those mills which had been taken over...

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let me put a simple question now. How many mills are there the management of which has been taken over? I think he said 103. Is it his proposal that within this extended period, he would nationalise all these 103 mills?

SHRI VASANT SATHE: Correct.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Then, there might be some justification there.

SHRI ZIAUR RAHMAN ANSARI: Yes, that is it.

MR. DEPUTY-SPEAKER: That was the point on which I wanted to seek clarification from him. 15 years from which date?

SHRI ZIAUR RAHMAN ANSARI: A decision has been taken to nationalise all the 103 mills which are presently under the management of the National Textile Corporation. The decision has been taken...

MR. DEPUTY-SPEAKER: From which date?

SHRI VASANT SATHE: From different dates.

SHRI ZIAUR RAHMAN ANSARI: There seems to be some confusion.

These mills have been taken over on different dates.

MR. DEPUTY-SPEAKER: That was what I was saying at the beginning.

SHRI ZIAUR RAHMAN ANSARI: If within a period of 17 years we nationalise those textile mills....

MR. DEPUTY-SPEAKER: The position is very clear now, and I understand it. I have said at the beginning that the taking over of management takes place at different dates, and this Bill will enable Government to decide that within 17 years that particular mill will be nationalised...

SHRI MADHU LIMAYE: Let us hope so.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Here is where I feel that the question raised by Shri Madhu Limaye has relevance. Why did Government have to resort to an ordinance in relation to this one particular mill, the Nagpur Mills Ltd or something like that?...

SHRI VASANT SATHE: Modern Mills.

MR. DEPUTY-SPEAKER: It has been with us for the last 15 years. This policy of nationalisation has been aired here in this House for the last two or three years. Why did Government have to wait till almost the last date of expiry before they resorted to ordinance?

SHRI M C. DAGA (Pali): Government could not take a decision.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Just 24 days before the expiry of the date they wake up suddenly and say that they have to do something and extend the period and come out with an ordinance.

SHRI ZIAUR RAHMAN ANSARI: As a matter of fact, the decision to nationalise all these 103 textile mills is a recent decision taken by Government.

MR. DEPUTY-SPEAKER: In the last two or three years.

SHRI ZIAUR RAHMAN ANSARI: No, it is a recent decision.

MR. DEPUTY-SPEAKER: I do not know, because when Shri Kumaramangalam was here....

SHRI ZIAUR RAHMAN ANSARI: That may have been under discussion for 15 years. That is immaterial. As a matter of fact, the decision of Government to nationalise these 103 mills has been taken recently, not two or three or four years back.

MR. DEPUTY-SPEAKER: When was that?

SHRI ZIAUR RAHMAN ANSARI: When this Ordinance was....

SHRI VASANT SATHE: In the statement of objects and reasons, it is stated 'subsequently the management of 46 textile undertakings was taken over on 31 October 1972 under the Sick Textile Undertakings (Takeover of management) Ordinance 1972. It was also decided in principle to nationalise all these 103 textile undertakings.'

MR. DEPUTY-SPEAKER: Two years ago.

SHRI VASANT SATHE: Two years ago, in 1972, the decision to nationalise was taken.

SHRI MADHU LIMAYE: He has not answered your question.

आप ने पूछा कि 20 दिन पहले ही इन की नीद कैसे खुली ? बजट सेशन मे नही खुली, विंटर सेशन मे नही खुली, इस का जवाब दिया?

MR. DEPUTY-SPEAKER: Unfortunately that is how we function. We always function on an *ad hoc* basis

श्री मधु लिमये : वही मै ने कहा कि ऐट दी एलेवेंथ अवर करने है । एक कहावत है कि प्यास लगी तब कुआ खोदना शुरू कर दिया ।

MR. DEPUTY-SPEAKER: Motions moved:

[Mr. Deputy-Speaker]

"This House disapproves of the Industries (Development and Regulation) Amendment Ordinance, 1974 (Ordinance No. 6 of 1974) promulgated by the President on the 29th June, 1974."

"That the Bill further to amend the Industries (Development and Regulation) Act, 1951, as passed by Rajya Sabha, be taken into consideration."

Now the Statutory Resolution and the Bill are before the House.

SHRI NOORUL HUDA (Cachar): As you have rightly observed, the argument advanced by the Minister for promulgation of the Ordinance is most unconvincing. To us it appears this Government wants to rule by ordinance. It has become a habit with it.

Regarding this Bill, I wish to say that this Bill, at least the object and implementation of it, would clearly reveal that it is totally biased in favour of the employers, owners and industrialists. Generally, when are the sick units taken over? Experience of the last few years would clearly show that when certain owners, industrialists, amass a good amount of wealth after cheating the workers and employees, depriving them of their due share and also depriving the exchequer of due taxes, because of the mismanagement of the owners the mills or establishments face great difficulties and Government steps into the field and decides to take over the so-called sick mills or establishments. Thereby we find that the liabilities which the previous owners leave accrue to Government and the public exchequer and the owners are not held responsible.

This concept of nationalisation has been discovered very recently. But, previously, they used to say that after ten or fifteen years, these mills, after becoming viable, would be returned to the previous owners, previous managements etc. Sir, we are totally against nationalisation of industries with adequate compensation to the owners. We are totally against such nationalisation. If these sick mills or establishments are to be taken over by the Government, then, our contention is this. We have repeatedly stated on the floor of this House and some Members from the ruling party have also agreed that there should be no compensation to the owners; there should be no such payment to the owners for whose default, for whose mis-management, for whose callousness these mills have become sick or these mills or establishments have been facing crises. That is why, Sir, we are against the concept of nationalisation, with compensation.

Now, Sir, another thing which strikes us is this. When compensation is paid, what is the criterion of such compensation? What would be the quantum of compensation? Would it be judged by the present market value of the establishments or things like that? Three years back or five years back....

MR. DEPUTY-SPEAKER: That will come when the Bill to acquire these units comes up before the House.

SHRI NOORUL HUDA: So, such compensations, on principle, should not be paid to the owners. Even after taking over the sick units, another practice which the Government resorts to is to tell certain employees of these sick establishments that their services are dispensed with; they are forced to accept half pay, half of the payment which they were to receive from the previous owners. This sort of practice should be put an end to. Sir, that is why, I want to stress this point that in spite of the Government's loud mouthed pronouncements on the floor of the House, the way the industries are being taken over indicates a certain bias and that bias is towards the capitalist owners, but, that consideration is not shown to the workers and

employees of these sick mills or establishments. That is why, I would say, the whole purpose of the Bill is self-defeating. The Minister has said just now that the other mills would be nationalised after a certain period. But, the concept of nationalisation, the way the Bill has been framed and the Statement of Objects and Reasons which has been given to this House are self-defeating and the Bill that has come before us cannot be supported by us. That is why, I would say that the whole attitude of the Central Government, should be changed towards a concept which goes in favour of the working class, in favour of the working people and against the interests of the capitalists and the defaulting owners.

MR. DEPUTY-SPEAKER: Let us be brief and confine ourselves to the ambit of the Bill. Shri Ram Singh Bhai.

श्री राम सिंह भाई (इदौर) उपाध्यक्ष महोदय- अध्यादेश सहित इस बिल का मैं हृदय से समर्थन करता हूं। इसका कारण यह है कि इस बिल के लाने से हमें यह उम्मीद हो गई है कि गवर्नमेंट अवश्य राष्ट्रीयकरण करेगी क्योंकि एक मिल के कारण ही यह 15 वर्ष से 17 की अवधि नहीं बढ़ाई जा रही है बल्कि 50 मिलें ऐसी हैं जो 46 मिलें जब टेक ओवर की गई थी उसके बहुत पहले टेक ओवर की गई हैं और उनका भी समय ऐसा आ रहा है कि अगर यह दो साल की अवधि नहीं बढ़ाई जाती तो और मिलें भी पहले के प्रबंधकों के हाथ में सौंप दी जाती। जब तक 1972 में अध्यादेश के द्वारा 46 मिलें टेक ओवर नहीं की गई थी तब तक कारखानेदार टेक्सटाइल मिलों के मालिकों का यह रवैया था कि मिलों को कुछ नहीं, खूब लूटो और खाओ। जब तक सरकार टेक-ओवर करने आयेगी तब तक तो हम सारी मशीनों को उखाड़ कर ले जायेंगे। यह तरीका रहा। सड़ी हुई हालत में टेक ओवर कर सरकार उनको सम्भालती थी मजदूरों को आधा वेतन दे कर काम लेती थी, अपना पैसा लगा कर अच्छी हालत में बना उसको दुल्हन की तरह सजा कर वापस पहले के मालिकों को लौटा देती थी। किन्तु ये 46 मिलें जब अध्यादेश के द्वारा अचानक टेक-ओवर की गई, उस वक्त यह ऐलान किया गया— पार्लियामेन्ट के अन्दर—कि इन को अब वापस नहीं लौटायेंगे, इन सब का राष्ट्रीयकरण करेंगे तब से मिलों का बीमार पड़ना भी बन्द हो गया। इन 103 मिलों में से 33 मिलों का प्रबन्ध नेशनल टैक्सटाइल कारपोरेशन कर रही है और 66 मिलों का प्रबन्ध राज्यों की टेक्सटाइल कारपोरेशंज के हाथ में है। मैं आप से निवेदन करना चाहता हूं— इनका राष्ट्रीयकरण करने में आप जितनी देर लगायेंगे उतनी ही इनकी हालत खराब और बदतर होने जाती है। क्योंकि स्टेट्स नहीं चाहती है कि इनका राष्ट्रीयकरण हो या ये नेशनल टैक्सटाइल कारपोरेशन के अन्तर्गत चलाई जाय, क्योंकि इनमें अलग अलग राज्यों के अलग अलग हित हैं अलग अलग नीतियों के हिसाब से वे मिलें चल रही हैं।

मेरे प्रदेश में तो हम चलाने में बराबर सहयोग दे रहे हैं। प्राइवेट सैक्टर में जो महूलियतें मजदूरों को मिल रही है वही स्टेट कारपोरेशन के अन्तर्गत श्रमिकों को दिला रहे हैं। उत्पादन भी बराबर दिला रहे है और मिसमैनेजमेन्ट पर भी ध्यान रख रहे है। लेकिन मैंने अन्य प्रदेशों की हालत देखी है। वहां स्टेट कारपोरेशन के अन्तर्गत जो मिलें चल रही हैं—वे क्या और कैसा कपड़ा बना रही है? जितने बड़े बड़े उद्योगपति हैं वे अपनी मिलों में फाइन और सुपर फाइन कपड़ा बनाते है, वे अपने माल को एक्सपोर्ट भी करते है और जो कोर्स मीडियम कट्रोल कपड़ा है, जो कपड़ा आपको फेयर प्राइस

[श्री राम सिंह भाई]

शाप्स मे बेचा जाता है, वे अपने कोटे का कपडा आपकी स्टेट कारपोरेशन के द्वारा इन मिलो मे तैयार कराते है, इस तरह से ये मिले चल रही है।

दरअसल मैं, मैंने दूसरे राज्यो मे देखा है—इन मिलो को कौन चला रहा है? वही लोग चला रहे है जिन्होंने इन मिलो को पहले बदतर हालत मे पहुचा दिया था, कोई नये टैक्नीशियन्ज या एक्सपर्ट्स लाकर नही बैठाये गये हैं। कुछ जगह जो उनके रमोइये थे, वे उन्ही मिलो मे आज वेलफेयर आफिसर बने हुए हैं—इस तरह से ये कारखाने चलने वाले नही है। इस लिये राष्ट्रीयकरण मे जितनी देर लगा रहे है उतना ही लास हो रहा है। इन 46 मिलो को जब से आप ने अपने हाथ मे लिया है—तब से पहले के मालिको को 100 लूम्ज पर 1 रुपया और 1000 स्पिण्डल्ज पर आठ आने प्रति महीना आप भाडा दे रहे है। उन मिलो को अच्छा करने के लिये लिया गया था उन्हे आप किराया भी देंगे, उन पर खर्चा भी करेंगे और उन्हे अच्छा बना कर वापस दे देंगे—यह बिलकुल बेकार की बात है। इस लिये जितनी जल्दी आप इनका राष्ट्रीयकरण करेंगे आपको जो हर महीने भाडा देना पड रहा है, वह भी नही देना पडेगा। क्योंकि राष्ट्रीयकरण करने पर मुआवजा तो देना ही होगा फिर भाडा और मुआवजा यह डबल रकम क्यो?

आपकी नेशनल टेक्सटाइल कारपोरेशन और स्टेट टैक्सटाइल कारपोरेशन्ज मे जहा तक नीति और कार्य का सम्बन्ध है कोई मेल नही है। अहमदाबाद की कारपोरेशन ने यह तय किया कि मजदूरो की जो बकाया रकम थी, टेक-ओवर का समय की, उसको कारपोरेशन धीरे-धीरे किस्तों मे दे देगी। यह भी तय हुआ था कि एक माह के वेतन जितनी किस्त की रकम इस माह दे दी जायगी। लेकिन आप की नेशनल टैक्सटाइल कारपोरेशन ने आदेश दिया कि अभी पैसा मत दो। मेरी समझ मे नही आता—उन मजदूरों ने खराब समय पर कारखाने को चलाया, जब कि वह बन्द पडा हुआ था, श्रमदान कर के वहा की मशीनों की सफाई की और उसका श्रमिकों ने कोई वेतन नही लिया, आप ने मिले उसके बाद चलाई वेतन नही दिया। आप ने उनके साथ वायदा किया कि हम कमाकर पैसा देगें लेकिन काम कर रहे है उसके बावजूद भी आप पैसा देने से इन्कार कर रहे है। इस पर आपको तत्काल गौर करना चाहिए।

मेरा दूसरा मुद्दा यह है कि अहमदाबाद की मंजूर-महाजन ने अहमदाबाद की टैक्सटाइल मिलो के साथ वेतन बढोतरी का समझौता किया है। 45 से 50 परसेन्ट तक वेतन बढाये गये है। आपकी टैक्सटाइल कारपोरेशन के प्रबन्धकों ने भी यह तय किया कि हम इनको यह पैसा देगें। एक मिल मे हडताल भी हुई थी। किन्तु देने के आश्वासन पर चालू हुई। उसके बाद कुछ मिलो को दिया, लेकिन कुछ मिलो को नही दे पाये कि इसी बीच मे आपका अध्यादेश आ गया। मै निवेदन करना चाहता हू कि आपकी पालिसी सब के लिये एक होनी चाहिए। एक ही केन्द्र की टैक्सटाइल मिले हैं लेकिन कुछ को पैसा मिल गया और कुछ को नही मिला। यह नही होना चाहिए।

इन मिलो के राष्ट्रीयकरण के बाद सरकार को टैक्सटाइल के सम्बन्ध मे सारे देश के लिये एक ही पालिसी बनानी होगी। मिलो को अच्छे टेक्नीशियन्स द्वारा चलाना होगा। इस लिए मेरा निवेदन है कि आप जल्द से जल्द इनका राष्ट्रीयकरण करे। अगर राष्ट्रीयकरण नही करेगे तो ज्यादा नुकसान होने वाला है।

SHRI S. M. BANERJEE (Kanpur): Sir, I rise to support the Bill wit

some observations. The hon. Minister, while moving the Bill, has said that the period has been extended from 15 to 17 years. I do not know why this Government, which talks of socialism and nationalisation, should ponder over a matter for 17 years before taking a final decision on nationalisation of a textile mill. The history of the textile mills is well-known to us. All the big business houses, whether it is J.K. or Badauria, have practically converted the textile mills into junk and then forced the government to take over those mills. I fully agree with my hon. friend, Shri Ramjibhai that money to the tune of several lakhs have been spent for the modernisation and expansion of these mills by the Government. But when the machinery in the mill has been changed and it is working at a profit, it is handed over to the mill owner. This is happening over and over again, even though we have been pleading in this House that all such textile mills should be taken over by the Government and run either by the National Textile Corporation or the State Textile Corporation.

Now these 103 mills are likely to be nationalised. Still, my hon. friend, Shri Ziaur Rahman Ansari, who comes from Unnao—I come from Kanpur and only Ganges separates us—has not said when it is likely to be nationalised. Government must be clear on their policy. I want to know when these mills are going to be nationalised.

